राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

स्वस्थ राज्य बनाने में सक्रिय भूमिका निभायें

–राज्यपाल

जयपुर, 20 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि योग लोगों को जोड़ता है। योग और योगाभ्यास की दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

श्री मिश्र ने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मानसिक और शारीरिक एकता का प्रतीक है। मनुष्य और प्रकृति के बीच भी योग सामंजस्य बनाता है। हमारी बदलती जीवन–शैली में योग चेतना बनकर, हमें जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी मदद कर सकता है।

कोरोना वैश्विक महामारी के इस दौर में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमें प्रकृति से जुड़े रहना है और प्रकृति की प्रगति के साथ जीना है। कोरोना महामारी को योग और यौगिक क्रियाओं से हम मात दे सकते हैं।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल